भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1843
(जिसका उत्तर मंगलवार, 04 अगस्त, 2026/13 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है)

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

1843 श्री प्रवीण चक्रवर्तीः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विदेशी मुद्रा भंडार का वर्तमान स्तर तथा संघटन क्या है, और फरवरी 2026 के 728.5 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर से हुई गिरावट कितनी है, तथा इसके प्रमुख कारण क्या हैं;

(ख) फरवरी, 2026 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई डॉलर की सकल मासिक बिक्री कितनी है तथा इस अंतःक्षेप के कारण अनुमानित लागत कितना रहा है;

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक के अपने पर्याप्तता मानदंडों की तुलना में किए गए आयात तथा विदेशी मुद्रा भंडार का अल्पकालिक ऋण से अनुपात (रिजर्व-टू-शॉर्ट-टर्म-डेब्ट रेशियो) कितना है; और

(घ) मई, 2026 से नागरिकों से विदेशी मुद्रा की बचत करने का आग्रह करने वाली अपीलों के प्रभाव और उससे हुई बचत का क्या कोई आकलन किया गया है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख) 27 फरवरी, 2026 और 10 जुलाई, 2026 तक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार (एफईआर) के स्तर और संरचना नीचे प्रस्तुत की गई है:

मिलियन अमेरिकी डॉलर में		
	27 फ़रवरी, 2026	**10 जुलाई, 2026**
विदेशी मुद्रा आस्तियां	573,125	546,508
सोना	131,630	105,230
एसडीआर	18,866	18,626
रिजर्व किश्त की स्थिति	4,873	4,793
कुल एफईआर*	**7,28,494**	**6,75,157**
**अंतर, यदि कोई हो, तो पूर्णांकित करने के कारण है।*		
स्रोत: आरबीआई		

एफईआर में उतार-चढ़ाव कई कारकों के कारण होते हैं, जिनमें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा की खरीद और बिक्री, एफईआर से सृजित होने वाली आय, केंद्र सरकार की विदेशी सहायता प्राप्तियां और आस्तियों के पुनर्मूल्यांकन के कारण परिवर्तन शामिल हैं।

भारतीय रुपये का मूल्य बाजार द्वारा निर्धारित है, जिसमें कोई लक्ष्य या विशिष्ट स्तर या बैंड नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नियमित रूप से विदेशी मुद्रा बाजार की निगरानी करता है और अत्यधिक अस्थिरता की स्थितियों में हस्तक्षेप करता है। फरवरी 2026 से आरबीआई द्वारा अमेरिकी डॉलर की सकल बिक्री का विवरण नीचे प्रस्तुत किया गया है

माह	**अमेरिकी डॉलर की सकल बिक्री (मिलियन में)**
फ़रवरी 2026	13,994
मार्च 2026	29,638
अप्रैल 2026	25,169
मई 2026	28,333
स्रोत: आरबीआई	

(ग) और (घ) देश में एफईआर की स्थिति वर्तमान में मानक आरक्षित पर्याप्तता मेट्रिक्स के अनुसार पर्याप्त है, जो 10 जुलाई, 2026 तक 10.3 महीने के माल का आयात कवर प्रदान करती है और मार्च 2026 के अंत में, विदेशी मुद्रा भंडार के सापेक्ष अल्पकालिक ऋण (मूल परिपक्वता) का अनुपात 21.6 प्रतिशत था।

सरकार विदेशी मुद्रा भंडार सहित प्रमुख आर्थिक मानदंडों के रुझानों पर गहन नजर रखती है।